आज का सुविचार
समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो!

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 36 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# BNSS- 43(5) महिलाओं को रात मे गिरफ्तार किस कानून के अंतर्गत नहीं किया जाता है जानिए

किसी भी महिला को सूरज के डूबने के बाद एवं सूरज को उगने से पहले गिरफ्तार नहीं किया जाता है एवं महिला को गिरफ्तार करने के लिए एक महिला पुलिस ही होगी ऐसे आरोपी महिलाओं के संरक्षण में भारतीय नागरिक सुरक्षा ने क्या अधिकार दिए हुए हैं जानिए -



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 43 की उपधारा 05 की परिभाषा:** असाधारण परिस्थितियों के सिवाय, कोई महिला सूर्यास्त के पश्चात् और सूर्योदय से पहले गिरफ्तार नहीं की जाएगी और जहां ऐसी असाधारण परिस्थितियां विद्यमान हैं, वहां महिला पुलिस अधिकारी, लिखित में रिपोर्ट करके, उस प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करेगी, जिसकी स्थानीय अधिकारिता के भीतर अपराध किया गया है या गिरफ्तारी की जानी है।

### साधारण शब्दों मे कहे तो -

विशेष परिस्थितियों को छोड़कर महिलाओं को सूर्यास्त(सूर्य डूबने) के पश्चात् और सूर्योदय (सूर्य उगने)से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। अगर कोई विशेष परिस्थितियां होती हैं, तो महिला पुलिस अधिकारी को लिखित में रिपोर्ट करनी होगी एवं प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुज्ञा(अनुमति)लेनी होगी।

### उदाहरण के लिए-

1. रात 10 बजे पुलिस को पता चलता है कि एक महिला ने चोरी की है। पुलिस उसे अगली सुबह गिरफ्तार कर सकती है, लेकिन रात में नहीं।
2. यदि महिला को रात में गिरफ्तार करना आवश्यक है, तो महिला पुलिस अधिकारी को मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुज्ञा लेनी होगी।

**नोट** - यह धारा आरोपी महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा की रक्षा करती है।

# महिलाओं की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने किस-किसको तैनात किया है, ध्यान से पढ़िए- THE CONSTITUTION OF INDIA

किसी भी आपराधिक घटना क्रम में पीड़ित व्यक्ति की मदद करना जागरूक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है लेकिन कानूनी बाध्यता नहीं है परंतु सुप्रीम कोर्ट ने निर्धारित किया है कि महिलाओं की रक्षा करना कानूनी बाध्यता है। कोई भी खड़े होकर तमाशा नहीं देख सकता। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

### महिलाओं को रक्षा का अधिकार- पुलिस उप महानिरीक्षक बनाम एस. सामूथीराम मामला

पुलिस उप महानिरीक्षक बनाम एस. सामूथीराम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह अभिनिर्धारित किया कि प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा एवं सम्मान से जीवन जीने का अधिकार उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 से मिला है। अगर केंद्र या राज्य में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ वाली घटनाएं होती है तो यह अनुच्छेद 14 एवं 15 के अधीन गारण्टी किए गए अधिकार का अतिलंघन होगा।

**उच्चतम न्यायालय ने दो न्यायधीशों की न्यायपीठ द्वारा महिलाओं से छेड़छाड़ को रोकने के लिए राज्य एवं केंद्र लोक-हित में निम्न निर्देश का पालन करवाये-**

1. सभी राज्य सरकारें एवं केन्द्र क्षेत्र बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, पार्को, समुद्र, नदी, तालाब किनारों, एम्बुलेंस, परिवहन, पूजा के स्थानों आदि पर सादे वस्त्रों में महिला पुलिस अधिकारी को लगाएंगे जिससे कि वे महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालो की मॉनिटर तथा पर्यवेक्षण कर सके। यदि किसी थाने की पुलिस ऐसा नहीं करती तो उस थाने के इंचार्ज इंस्पेक्टर के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही के लिए शिकायत की जा सकती है।
2. सभी राज्य सरकारें एवं केन्द्र क्षेत्र बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, पार्को, समुद्र, नदी, तालाब किनारों, एम्बुलेंस, परिवहन, पूजा के स्थानों, सभी लोक स्थान जैसे शिक्षा संस्था, कोचिंग संस्थान, सार्वजनिक स्थान, मार्ग आदि पर CCTV कैमरे लगवाएं जिससे अपराधी या आरोपी का आसानी से पता लगाया जा सके। साथ में उपर्युक्त स्थानों पर महिलाओं से छेडछाड से सतर्कता प्रदर्शित करने वाले बोर्डो को लगवाए जिसमे निकटतम थाने का नंबर एवं महिला हेल्पलाइन नंबर को भी प्रदर्शित करे।
3. अगर कोई व्यक्ति यात्री बस में महिला से छेड़छाड़ कर रहा है तब उस बस चालक का कर्तव्य है कि बस को वह आरोपी सहित निकटतम थाने में ले जाकर खड़ा करे एवं संबंधित थाने को इसकी सूचना तुरंत दे। अगर कोई बस चालक ऐसा नहीं करता है तब उस बस का परमिट निरस्त करने की कार्रवाई करें।
4. कोई भी आमव्यक्ति का यह कर्तव्य होगा की अगर कोई किसी महिला से सार्वजनिक स्थान पर छेड़खानी कर रहा है वह इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाने में दे या महिला हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत करे।
5. राज्य सरकार तथा केंद्र क्षेत्र के संबंधित प्राधिकारियों जिनमे राज्य पुलिस कमिश्नर, जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक आदि भी सम्मिलित है, उपर्युक्त निर्देशो का कठोरता से पालन करवाएगा।

Advocate Sadhana Mishra Delhi 9315288041

# राजकीय सम्मान के साथ रतन टाटा का हुआ अंतिम संस्कार

**भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार शाम मध्य मुंबई स्थित एक शवदाह गृह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया इस दौरान मुंबई पुलिस ने उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर और श्रद्धांजलि दिया।**



**मुंबई।** भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार शाम मध्य मुंबई स्थित एक शवदाह गृह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान मुंबई पुलिस ने उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर और श्रद्धांजलि दिया। बता दें कि वर्ली स्थित शवदाह गृह में रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा समेत उनके परिवार के अन्य सदस्य और टाटा समूह के लोग मौजूद रहें। मुंबई पुलिस ने रतन टाटा को गॉर्ड ऑफ ऑनर और श्रद्धांजलि दी। यह आयोजन उनके अंतिम संस्कार के दौरान किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण लोग शामिल हुए। इस दौरान रतन टाटा के परिवार के सदस्य, टाटा समूह के अधिकारी और प्रमुख राजनीतिक हस्तियां भी वहां उपस्थित थीं। वहीं इस मौके पर केंद्रीय गहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे समेत कई लोग वहां मौजूद रहें। यह दिखाता है कि रतन टाटा की कितनी बड़ी हस्ती थे और उनके प्रति कितनी श्रद्धा थी। गॉर्ड ऑफ ऑनर का यह समारोह रतन टाटा के जीवन और उनके कार्यों के प्रति सम्मान का प्रतीक था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने समाज में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ हुई विदाई**

### अंतिम संस्कार की प्रक्रिया

रतन टाटा का अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार करना उनकी सांस्कृतिक पहचान और परिवार की परंपराओं का सम्मान है। उनके सौतेले भाई नोएल टाटा और परिवार के अन्य सदस्य इस महत्वपूर्ण समय में उनके साथ रहे। धार्मिक अनुष्ठान, जो तीन दिन तक चलने वाले हैं, इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, जो श्रद्धांजलि अर्पित करने और आत्मा की शांति के लिए होते हैं। इस तरह के आयोजनों में परिवार और करीबी लोग एकजुट होकर अपनी भावनाओं को साझा करते हैं।

### संपदा-2.0

# ऑनलाइन दस्तावेज पंजीयन में डिजिटल क्रांति का माइलस्टोनः मुख्यमंत्री




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया डिजिटल इंडिया मिशन अब कल्पवृक्ष की तरह आमजन की हर जरूरत पूरी कर रहा है। जीरो बैलेंस खाता, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और ई- रजिस्ट्री जैसे नवाचार ने सभी का जीवन सरल और सुगम बनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसी कड़ी में मध्यप्रदेश में नवीन तकनीक पर आधारित ÷संपदा-2.0÷ का नवाचार ऑनलाइन दस्तावेज पंजीयन में डिजिटल क्रांति का माइलस्टोन बनेगा। इस नवाचार को पूरा देश फॉलो करेगा। पहले प्रदेश में दस्तावेज पंजीयन और अन्य कार्यों के लिए कार्यालय आना पड़ता था लेकिन पोर्टल और ऐप के माध्यम से सभी लोग घर से ही इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में ई-रजिस्ट्री और ई-पंजीयन के नवीन प्रणाली पर विकसित संपदा-2.0 पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने मध्यप्रदेश को 2 नए महत्वपूर्ण कार्य सौंपे हैं। इसमें 120 शहरों के जीआईएस कार्य को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से आईटी विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में जीआईएस लैब स्थापित करने जा रहे हैं। इसका लाभ प्रदेश को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईटी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बहुत उन्नति कर रहा है। आईटी में नवाचार के साथ मध्यप्रदेश सरकार पेपरलेस सिस्टम की दिशा में कदम बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संपदा-2.0 की खूबियां बताते हुए कहा कि संपदा-2.0 उन्नत तकनीक पर आधारित सॉफ्टवेयर है।

# राज्यपाल श्री पटेल गुजराती समाज के गरबा महोत्सव में शामिल हुए


### राज्यपाल ने सरदार पटेल भवन के भूतल हॉल का किया लोकार्पण



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भगवान श्री राम दानवों का वध कर विजयादशमी पर आए थे। उसी तरह नवरात्रि का महोत्सव माँ अम्बे की नौ दिवस की आराधना से प्राप्त शक्ति से अपने अंदर की बुराईयों को समाप्त करने का पर्व है। उन्होंने कहा कि गुजराती समाज खूब प्रगति करे क्योंकि समाज की उन्नति से प्रदेश की और प्रदेश की उन्नति से देश की प्रगति होती है। राज्यपाल श्री पटेल गुरूवार को गुजराती समाज भोपाल के द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ के तहत छोटे बच्चों को पौधे वितरित किए। सरदार पटेल भवन के भूतल हॉल का उद्घाटन किया। माँ अम्बे के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले गरबे का अवलोकन किया। इस अवसर पर गुजराती समाज के सदस्य और नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। राज्यपाल श्री पटेल ने इंदौर के गरबा उत्सव में शामिल होने और वहां पर 1100 गरबा आयोजनों की जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने भोपाल में भी माँ अम्बे की झाकियां, गरबे देखे है।

# एक्सिस डेवलपमेंट सर्वसेस भोपाल द्वारा भोपाल में आईं ए एस अकादमी में आयोजित










**भोपाल।** एफ पी सी मार्केट कॉन्क्लेव में देश की नामचीन कंपनियों के बीच मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से संचालित फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनियों को उनके द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यो के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें एक्सेस डेवलपमेंट सर्वसेस द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है ऐसी दस कंपनियों में से सागर जिले की बुंदेलखंड महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी गढ़ाकोटा को सबसे बेस्ट एफ पी सी का अवार्ड दिया गया उक्त अवार्ड कंपनी की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर रेखा पटेल, व शशि गौंड उक्त प्रमाण पत्र लेने शामिल हुई उक्त कार्य के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के राज्य परियोजना प्रबंधक श्री मनीष सिंह पंवार (कृषि),नावार्ड डी जी एम श्री अभिनाश जी बुंदेलखंड एफ पी सी के सलाहकार लीलाधर अहिरवार,सीईओ नेहा धाड़से,सचिन साहू,अखलेश कुर्मी नीरज, रवि एवं एक्सेस डेवलपमेंट संस्था की वाइस प्रेसिडेंड मीनाक्षी राठौर, सुवेन्दु दास जी,समुन्नति फाइनेंसियल से साईं प्रसाद जी, एग्री बाजार से विनय चौधरी सरआशा ऑर्गनाइजेशन से आशीष मंडल जी एक्सिस डेवलपमेंट सर्वसेस के स्टेट टीम हेड श्री चिंतन मेघवंशी, गौरव तिवारी जी, भारतीय स्टेट बैंक की स्टेट सीनियर मैनेजर श्रीमति रत्ना जी व देश की नामचीन कंपनियों के सीईओ डायरेक्टर व सीनियर एडवाइजर शामिल रहे।



## शासकीय विधि महाविद्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन

शासकीय विधि महाविद्यालय एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तत्वाधान में दिनांक 04/10/2024 को महाविद्यालय में विद्यार्थियों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु कैंप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए।




महान समाज सुधारक, महान राजनीतिक भारत के दबे कुचले समाज , शोषित , पीड़ित वर्ग को जगाने वाले व समस्त बहुजन समाज को शासक बनाने वाले, अम्बेडकर साहब के मिशन को घर घर तक पहुंचाने वाले उनके सच्चे प्रतिनिधि मान्यवर साहब कांसीराम जी के परिनिर्वाण दिवस पर शत शत नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि।

# अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश की जिला स्तरीय गोलमेज मीटिंग संपन्न

### ( हेमंत चौधरी (जिलाध्यक्ष) के निज निवास पर सम्पन्न।)



**बरेली।** अ.स.सं.म.प्र. (रजि.38053/21) के तत्वाधान में जिला स्तरीय पदाधिकारीयों, सदस्यों एवं सामाजिक प्रबुद्ध जनों कि उपस्थित में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री बी.एस.माण्ड्रे जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक जिसमें श्री गोपीलाल अहिरवार जी (प्रा.संगठक) श्री



एम.एल.नोनेरिया जी (सं. सचिव) श्री चन्दन सिंह सहपुरिया जी (सयु.सचिव) श्री एस.एस.बमहोरया जी (सं. उपाध्यक्ष) श्री गोटीराम वघेल(जि.उपाध्यक्ष) श्री हल्केवीर जी (यु.प्र.जि.अध्यक्ष)श्री सुरेश कुमार जी(ब्लॉक अध्यक्ष) श्री चैन सिंह सिसोदिया (आई टी सेल प्रभारी) श्री सी.एल.सहपुरिया जी श्री हरिराम जी (ठेकेदार) श्री टी.पी.चौधरी जी (प्राचार्य)श्री एच.पी.अहिरवार जी (अधीक्षक) श्री नारायण सिंह जी शिक्षक (कामतौन) श्री रमन बामने जी (वरिष्ठ समाजसेवी) श्री कडोरी लाल जी (वरि.समाज सेवी) श्री पोहुप सिंह जी (वरि.समाज सेवी) श्री छोटू परिहार जी (पत्रकार) श्री कपिल अहिरवार जी श्री अतुल जी श्री नीलेश जी श्री सौरभ जी श्री कुलदीप जी श्री आकाश जी श्री मनमोहन सिंह जी श्री मनमोहन सिंह जी श्री लखन अहिरवार जी श्री लवकुश जी श्री राजेन्द्र अहिरवार जी श्री मोहन गोलियां जी श्री सुनील अहिरवार जी श्री रूपसिंह जी श्री सुरज जी श्री देव भाई श्री नमन जी, श्री कनिष्क जी, जसरथ अहिरवार जी एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। श्री प्रीतम कुमार , एवं श्री नीतेश कुमार आ/श्री कोमल सिंह जी द्वारा संघ की सदस्य ग्रहण की आगामी मिटिंग में पदों की जिम्मेदारी सोपी जायेगी।

एवं संघ द्वारा महत्वपूर्ण 06 बिंदुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

1.जिला स्तर पर डॉ बी. आर. अंबेडकर जी की स्टैचू स्थापित करवाने के लिए सहमति दी

2. संघ के विस्तार पर चर्चा नए पदों का सृजन करना

3. संघ के प्रति पदाधिकारी पूर्ण रूप से रुचि ले।

4. कमतोंन में भवन निर्माण हेतु राशि जमा करना एवं कार्य प्रारंभ करवाना।

5. नवंबर माह में संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन।

6. फेसबुक, यूटूब, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सएप,सोशल मीडिया आदि का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करना। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री हल्केवीर जी (यु.प्र.जि.अध्यक्ष,पत्रकार) द्वारा किया गया एवं श्री हेमंत कुमार चौधरी जी द्वारा सभी सम्माननीय जनों का आभार व्यक्त किया गया।

# ग्राम पंचायत परसवाडा देवी जी की स्थापना हुई

**पत्रकार - बीआर अहिरवार**

शाहगंज। ग्राम परसवाड़ा पटेल बाबा स्थान पर देवी जी स्थापना हुई एवं समस्त ग्रामवासी भक्ति में डूबे आज अष्टमी के दिन विशेष देवी पूजा का आयोजन किया गया देवी जी की सेवा में श्री हीरा लाल पटेल एवं रघुवीर गौर शिक्षक बैठे हैं।



# जिला मुख्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना की मांग तेज 20 अक्टूबर को होगी मीटिंग

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**



उदयपुरा। जिला मुख्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने के लिए सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों की ओर से पहल तेज हो गई है। इसी सिलसिले में 20 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को सामाजिक संगठनों ने सामूहिक मीटिंग बुलाई है जिसमें जिला मुख्यालय पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति की स्थापना सहमति बनाई जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि विश्व के सबसे महानतम व्यक्ति की मूर्ति जिला मुख्यालय करना होने पर मैं आपको इसलिए प्राप्त है इसी सिलसिले में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी से अनुमति लेकर मीटिंग बुलाई है जिसमें सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस मीटिंग में पहुंचे और बाबा साहब के सपने को पूरा करने में मदद करें। बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और समानता के विचारों को सम्मान देने के उद्देश्य से इस मूर्ति की स्थापना की मांग की जा रही है।


## मांग का समर्थन

इस पहल को लेकर जिले के कई प्रमुख सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर प्रशासन से अपील भी करेंगें की वह इस पहल को आगे ले जा सके और पूरा भी कर सके संगठनों का कहना है कि अंबेडकर जी की मूर्ति जिले के मुख्यालय पर स्थापित करने से आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों से प्रेरणा मिलेगी। साथ ही, यह स्थल सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक बनेगा। यह पहल डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों और उनके संघर्ष को सम्मानित करने का प्रयास है, जिससे समाज में समानता और भाईचारे का संदेश और मजबूती से प्रसारित हो सकेगा।

# नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक के कारोबार को नई ऊंचाइयां देने वाले रतन टाटा ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में ली अंतिम सांस

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

**मुंबई।** मशहूर बिजनेसमैन और टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 86 साल की उम्र में अन्तिम सांस ली। भारत के सबसे बड़े समूहों में से एक टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा की हालत गंभीर थी और वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल के इंटेसिव केयर यूनिट में भर्ती थे। वे उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। देर रात करीब 2 बजे उनका पार्थिव शरीर अस्पताल से उनके घर ले जाया गया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि टाटा का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके रिश्तेदारों ने बताया कि टाटा का पार्थिव शरीर 10 अक्टूबर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक साउथ मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स के हॉल में रखा जाएगा। यहां लोग उनका अंतिम दर्शन कर सकेंगे।टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक बयान में रतन टाटा के निधन की पुष्टि की और उन्हें अपना मित्र और मार्गदर्शक बताया। टाटा संस के चेयरमैन एन चन्द्रशेखरन ने देर रात एक बयान जारी कर कहा, ÷हम अत्यंत क्षति की भावना के साथ रतन नवल टाटा को विदाई दे रहे हैं, जो वास्तव में एक असाधारण नेता थे, जिनके अतुलनीय योगदान ने न केवल टाटा समूह को बल्कि हमारे देश के मूल स्वरूप को भी



आकार दिया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक जताया। उन्होंने ङ्ग पर पोस्ट किया, ÷श्री रतन टाटा जी एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित बिजनेस घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व दिया। साथ ही, उनका योगदान दूर तक गया। उन्होंने अपनी विनम्रता, दयालुता और हमारे समाज को बेहतर बनाने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के कारण खुद को कई लोगों का प्रिय बना लिया।

मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री मोहन यादव ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा का निधन उद्योग जगत ही नहीं, अपितु समस्त भारतवासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। आज देश ने एक महान उद्योगपति के साथ ही बेहद संवेदनशील, राष्ट्रसेवा एवं मानवता के प्रति सदैव समर्पित शख्सियत को खोया है। उनके जाने से भारत ही नहीं, बल्कि विश्व उद्योग जगत में एक रिक्तता सदैव रहेगी।

देश के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने परमधाम में स्थान देंवे, साथ ही शोकाकुल हर व्यक्ति को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति दें। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा आज मां भारती ने रतन टाटा जी के रूप में अपना एक महान सपूत खो दिया है। इस दुन्खद समाचार से हृदय द्रवित है, मन उदास है। रतन जी देश के %रत्न% थे। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। वह देश के विकास के लिए सदैव समर्पित रहे और समाज में बेहतर बदलाव के लिए कई अभूतपूर्व कार्य किए। मैं उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। वह सदैव हमारी यादों में रहेंगे।

# उदयपुरा ब्रह्मानगर में हुआ महाआरती का भव्य आयोजन दर्शन के लिए उमड़े लोग।



**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। नगर उदयपुरा के ब्रह्मानगर कॉलोनी में स्थित दुर्गा जी की प्रतिमा इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। यहाँ पर देवी दुर्गा की सुंदर प्रतिमा के समक्ष भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सभी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## कार्यक्रम का आयोजन

नवरात्रि के छठे दिन आयोजित इस महाआरती में देवी के भक्तों ने दीप जलाकर आरती में हिस्सा लिया। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगे फूलों और दीपों से सजाया गया था, जिससे माहौल अत्यंत भव्य और धार्मिक हो गया।

## मुख्य आकर्षण

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देवी दुर्गा की शोभायात्रा और विशेष आरती रही। इसमें श्रद्धालुओं ने देवी माँ की आराधना की और दीपों से वातावरण को आलोकित किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

## समिति की भूमिका

इस आयोजन का सफल संचालन स्थानीय समिति ने किया, जिसमें सभी सदस्यों ने महाआरती के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समिति के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भारके जी ने बताया कि यह कार्यक्रम हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, और इस बार भी आयोजन को भव्य रूप दिया गया है। यह महाआरती ब्रह्मानगर कॉलोनी के सभी नागरिकों के लिए एक धार्मिक और सांस्कृतिक संगम का प्रतीक बनी, जिसमें भक्तों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



# बस ने बाइक सवारों को कुचला, पिता और दो बेटों की मौत, बेटी भोपाल रेफर

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**




**उदयपुर।** विजयनहाई गांव के पास एक बस ने बाइक सवारों को कुचल दिया, जिससे एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बेटी को भोपाल रेफर किया गया है। मृतकों में पिता और दो बेटे शामिल हैं, जबकि चौथी संतान, पुत्री, अभी उपचाराधीन है। उदयपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना विजयनहाई के पास 5 किमी दूर हुई, जहां संतोष शर्मा अपने परिवार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थे। वे अपने गांव विजयनहाई लौट रहे थे। इस दौरान एक तेज गति से आ रही शासकीय बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में संतोष शर्मा (45 वर्ष) और उनके दो बेटे, अंश (7 वर्ष) और ओम (5 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी बेटी प्रियांशु शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है।

## प्रशासन की कार्यवाही

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। सड़क पर कुचले गए शवों को देखकर स्थिति अत्यंत दर्दनाक हो गई। दुर्घटना के बाद संबंधित बस चालक फरार हो गया, और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# भोपाल में 1800 करोड़ के नशीले पदार्थ बरामद,बकायदा फैक्ट्री में किया जा रहा था माल तैयार दो लोग गिरफ़्तार





**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

नशीले पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ शिकंजा लगातार कसा जा रहा है। गुजरात एटीएस और नारकोटिक?स कंट्रोल ब?यूरो की संयुक?त टीम ने भोपाल में नशीले पदार्थ बनाने वाली एक फैक?ट्री का भंडाफोड़ किया है।इस फैक?ट्री से 1800 करोड़ रुपये से ज?यादा की ड्रग?स बरामद की गई है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में भी सफलता मिली है। इस मामले में दो मुख्य आरोपी पकड़े गए हैं जिनमें एक भोपाल का है तथा दूसरा भोपाल के रहने वाले एक व्यक्ति अमित चतुर्वेदी और नासिक का रहने वाला है। दोनों मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग?स के अवैध निर्माण और बिक्री में शामिल थे। गुजरात एटीएस के डीआईजी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुजरात एटीएस को सूचना मिली थी कि भोपाल के रहने वाला अमित चतुर्वेदी और नासिक के रहने वाले बाने सान?याल ने भोपाल में एक ड्रग?स फैक?ट्री बनाई है ओर इसमें यह लोग एमडी ड्रग?स का प्रोडक?शन कर रहे हैं। सूचना के सही पाए जाने पर एक टीम बनाई गई और इस जानकारी को एनसीबी के साथ ही साझा किया गया।उन?होंने बताया कि इसके बाद गुजरात एटीएस और एनसीबी ऑपरेशंस की संयुक?त टीम ने 5 अक?टूबर को बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया में छापा मारा।यह फैक्ट्री भोपाल के बाहरी इलाके में है और इसमें नशीली दवा मेफेड्रोन (एमडी) के निर्माण की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान कुल 907.09 किलोग्राम मेफेड्रोन (ठोस और तरल दोनों रूप में) पाया गया। उन?होंने बताया कि अंतरराष?ट्रीय बाजार में इस इसकी अनुमानित कीमत करीब 1814.18 करोड़ रुपये है।इसके साथ ही टीम को करीब 5000 किलो मेफेड्रोन (एमडी) के उत्पादन के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री मिली है। साथ ही ग्राइंडर, मोटर, कांच के फ्लास्क, हीटर और अन्य उपकरण भी पाए गए हैं। इस सामग्री को आगे की जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

# दुष्कर्म पीड़ित बच्चों महिलाओं के समाज में सशक्तिकरण और सहयोग हेतु झाँकी के माध्यम से दिया गया संदेश

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

भोपाल के भानपुर 80 फिट रोड क्षेत्र में नवरात्रि के अवसर पर महाकाल नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा आकर्षक झाँकी सजाई गई है। झांकी पर मुख्य आकर्षण देवी के दरबार में छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा नौ देवियों का प्रतिरूप दर्शाया गया है। झांकी के माध्यम से समाज में बच्चों एवं महिलाओं पर हो रहे जघन्य अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इसके अंतर्गत बलात्कार मुक्त भोपाल अभियान चलाकर दुष्कर्म पीड़ित बच्चों महिलाओं के सशक्तिकरण और सहयोग तथा उन्हें समय पर उचित न्याय मिल सके इसके लिए जनजागृति शिविर लगा कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आयोजक संजय सेन एवं डॉ सूरज पंथी की ओर से राष्टीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के भोपाल कार्यकारी जिलाध्यक्ष लकी सिंह नेगी एवम ब्रम्हकुमारी संस्था से विजय अय्यर को आमंत्रित किया गया।










# डेंगू जैसे हैं चिकनगुनिया के लक्षण दिमाग पर कर रहा अटैक, क्यों बदल रहा है चिकनगुनिया का वायरस ?

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

देश के अलग- अलग राज्यों में चिकनगुनिया बुखार के मामले बढ़ रहे हैं। चिंता की बात यह है कि चिकनगुनिया के वायरस में म्यूटेशन हो रहा है। म्यूटेशन होने के बाद वायरस का नया स्ट्रेन बन गया है। यह स्ट्रेन चिकनगुनिया के सामान्य लक्षण वाला नहीं है। अब लक्षण बदल गए हैं और इनकी वजह से चिकनगुनिया से संक्रमित मरीज को लकवा मारने का भी रिस्क है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संक्रामक रोग विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) से इस मामले पर नजर रखने की अपील की है और वायरस में हो रहे बदलावों के बारे में जानकारी जुटाने को कहा है। संक्रामक रोग विशेषज्ञों के अनुसार, चिकनगुनिया, जो कभी जोड़ों के दर्द और बुखार के लिए जाना जाता था, अब वह अलग लक्षण वाला बन रहा है। चिकनगुनिया के ऐसे लक्षण दिख रहे हैं जो पहले कभी नहीं देखे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह वायरस डेंगू की तरह व्यवहार कर रहा है और ब्रेन पर भी असर कर रहा है। डेंगू विशेषज्ञ के अनुसार चिकनगुनिया के कुछ मरीजों में एक अजीब लक्षण दिख रहा है। मरीजों की नाक काली पड़ रही है। ये लक्षण चिकनगुनिया में पहले कभी नहीं देखे गए हैं. करीब 20 से 30 फीसदी मरीज इन लक्षण के साथ आ रहे हैं। चिकनगुनिया के मरीजों में लकवा मारने का भी रिस्क है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये वायरस ब्रेन पर भी असर कर रहा है। डॉक्टरों की रिपोर्ट है कि चिकनगुनिया मरीजों में न्यूरोपैथी तेजी से आम हो गई है, जिससे बड़ी संख्या में मरीजों में स्ट्रोक का भी खतरा है। यह पहली बार है कि इतने गंभीर लक्षण हो रहे हैं। डेंगू की तरह चिकनगुनिया के मरीजों में भी फेफड़ों और पेट में पानी जैसी परेशानी हो रही हैं, जो डेंगू के क्लासिक लक्षण हैं, लेकिन अब चिकनगुनिया के मामलों में देखे गए हैं।इससे भी खतरनाक यह है कि चिकनगुनिया के मरीजों में प्लेटलेट काउंट में अचानक गिरावट आ रही है। ऐसा डेंगू में ही देखा जाता था, लेकिन अब ये चिकनगुनिया में भी हो रहा है।

पहले चिकनगुनिया के मरीजों मेंप्लेटलेट्स को 80,000 से 90,000 से नीचे गिरते नहीं देखा जाता था, लेकिन अब वे 5,000 से भी नीचे जा रहे हैं। जो जानलेवा हो सकता है।महामारी विशेषज्ञ बताते हैं कि लंबे समय तक खुद को जिंदा रखने के लिए वायरस खुद में बदलाव करता है। इसको म्यूटेशन कहते हैं। म्यूटेट होने के बाद वायरस का नया स्ट्रेन बनता है जो पहले से अलग होता है। नए स्ट्रेन के लक्षणों में बदलाव होता है और ये पहले वाले स्ट्रेन से कम या ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। हो सकता है कि चिकनगुनिया के वायरस में जो बदलाव हो रहा है उस कारण इसके लक्षण बदल रहे हैं और ये गंभीर हो रहे हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि नए लक्षणों वाले मरीजों के सैंपलों की जांच बड़े स्तर पर हो और यह पता चल सके कि स्ट्रेन कौन सा है और इसको कैसे कंट्रोल किया जा सकता है।





# भोपाल में गरबा का माहौल इस बार कुछ अलग ही अंदाज में देखने को मिला।











भोपाल में गरबा का माहौल इस बार कुछ अलग ही अंदाज में देखने को मिला। शहर में फ्री स्टाइल गरबा और गरबा साला ने जबरदस्त धूम मचाई, और इसका केंद्र बिंदु बना RJ Sam का कार्यक्रम। RJ Sam ने अपने ख़ास अंदाज में दर्शकों को न सिर्फ गरबा से जोड़ा, बल्कि इस परंपरागत नृत्य को एक नए रंग में ढाला। RJ Sam ने अपने न्यूज आर्टिकल में बताया कि इस बार गरबा को लोगों ने एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। फ्री स्टाइल गरबा में युवा और बुजुर्ग सभी ने अपनी रचनात्मकता और एनर्जी के साथ हिस्सा लिया। यह आयोजन परंपरागत गरबा से अलग था, जहां न सिर्फ संगीत, बल्कि स्टाइल और फैशन का भी खास ध्यान रखा गया। गरबा साला÷ इस पूरे महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण रहा। यहां पर लोगों को मंच मिला अपनी छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने का। RJ Sam ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सिर्फ नृत्य नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक मिलन का उत्सव बन गया है, जहां हर उम्र और हर तबके के लोग एक साथ झूमते दिखे। RJ Sam का यह भी कहना था कि युवा प्रदेश हमेशा से युवाओं की आवाज और उनकी सृजनात्मकता को एक मंच देता आया है। यह कार्यक्रम इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां युवाओं ने अपने हुनर से लोगों का दिल जीत लिया।

# 7500 पुलिसकर्मियों के भरोसे थी 15 लाख की भीड़

## चेन्नई एयर शो में गई थी 5 लोगों की जान

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के चेन्नई में मरीना बीच पर वायुसेना के एयर शो के दौरान भगदड़ में मारे गए 5 लोगों के अंतिम संस्कार सोमवार को हुए। करीब 200 घायल लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के 92वें स्थापना दिवस से पहले 6 अक्टूबर को चेन्नई में एयर शो हुआ था। इस एयर शो को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए 15 लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य था। स्थानीय प्रशासन का दावा है कि इससे ज्यादा लोग पहुंचे, इसलिए व्यवस्थाएं बिगड़ गईं। भारी भीड़ और गर्मी के चलते 5 लोगों की मौत हो गई। एयर शो का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है। एयर शो 11 बजे शुरू होना था, लेकिन लोग 7 बजे से पहुंचने लगे। मेट्रो-बस स्टेशनों पर भारी भीड़ थी। फिर भी प्रशासन ने भीड़ का अंदाजा नहीं लगाया।



# चीन सिर्फ प्रतिद्वन्द्वी नहीं उससे हमें बड़ा खतरा...

## एयर चीफ के बयान पर ड्रैगन का आया जवाब, कहा-भारत हमें प्रतिद्वंद्वी न माने

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीनी सरकार का मुखपत्र कहे जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने विशेषज्ञों के हवाले से एक रिपोर्ट करते हुए कहा है कि भारतीय वायुसेना (आईएएफ) को चीन को प्रतिद्वंद्वी की तरह नहीं देखना चाहिए। चीनी अखबार में यह टिप्पणी भारत के एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के जवाब के तौर पर आई है। सिंह ने सोमवार को एक इंटरव्यू में माना था कि भारत सैन्य प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन में चीन से काफी पिछड़ गया है। सिंह ने तकनीक, रक्षा उत्पादन और बुनियादी ढांचे में चीन की प्रगति को स्वीकार किया है। फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट कहती है कि चीन का यह कहना कि भारत उसे प्रतिद्वंद्वी ना माने, कई सवाल खड़े करता है। दरअसल यह पहचानना जरूरी है कि चीन की भूमिका प्रतिद्वंद्वी से आगे तक है। वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। चीन खुद बड़े स्तर पर अपनी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है लेकिन भारत को वह मजबूत होते नहीं देखना चाहता है। एक्सपर्ट के इस दावे को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि चीन भारत की हवाई युद्ध में बढ़त को लगातार कम कर रहा है।



# कांग्रेस ने लोकसभा-विधानसभा चुनावों में खर्च किए 585 करोड़

## चुनाव आयोग को बताया-स्टार कैंपेनर्स की हवाई यात्रा में 105 करोड़ खर्च हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 और आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा, सिक्किम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 585 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पार्टी ने 20 मार्च से 1 जून तक हुए कुल 5 चुनावों के खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को सौंपा है। रिपोर्ट में कांग्रेस ने बताया कि 585 करोड़ में से 410 करोड़ रुपए ऐड और मीडिया कैंपेन पर खर्च किए गए हैं। वहीं, 46 करोड़ रुपए सोशल मीडिया और ऐप के वर्चुअल कैंपेन के लिए खर्च किए गए हैं। दरअसल, सभी पार्टियों को अपना चुनावी खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को रिजल्ट घोषित होने के 75 से 90 दिनों के अंदर देना होता है। समय सीमा खत्म होने पर भी जब पार्टियां जानकारी नहीं देती है तो चुनाव आयोग पार्टियों को नोटिस भेजता है, जिसका पार्टियां महीनों तक जवाब नहीं देती हैं।



# भारतीय रेल दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान चलाएगी 6556 स्पेलशल ट्रेनें

### पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए 2315 फेरों के साथ चलाएगी 100 से अधिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

**अहमदाबाद।** भारतीय रेल इस वर्ष 1 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2024 तक दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम यात्रा की सुविधा के लिए 6556 विशेष ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है। त्योहारों के दौरान हर साल विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और इस साल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इनमें से पश्चिम रेलवे 106 फेस्टिवल स्पे शल ट्रेनों के साथ 2315 फेरे चला रही है, जो अभी भी पूरे भारतीय रेल में सबसे अधिक है। उल्लेखनीय है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के त्योहारों के दौरान देश भर में लाखों यात्री यात्रा करते हैं। उन्हें सुगम और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे ने इस साल फिर से ये स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी की है। अगले दो महीनों में ये स्पेशल ट्रेनें यात्रियों को उनके गंतव्य तक निर्बाध रूप से पहुँचाएंगी। पिछले साल भारतीय रेल ने कुल 4429 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाईं, जिससे लाखों यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिला।




हर साल बड़ी संख्या में लोग दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार आते हैं। ये त्योसहार उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि अपने परिवार से मिलने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करते हैं। त्योहारी सीजन में यात्रियों की भारी भीड़ के कारण अधिकांश ट्रेनों में टिकट दो से तीन महीने पहले ही वेटिंग लिस्ट में चले जाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, भारतीय रेलवे इस साल एक बार फिर त्योहारी सीजन के दौरान विशेष ट्रेनें चला रहा है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष पश्चिम रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ी हुई यात्रा मांग को पूरा करने के लिए अक्टूबर 2024 से दिसंबर 2024 तक कुल 2315 ट्रिप्स के साथ 106 विशेष ट्रेनें अधिसूचित की हैं।

ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर आदि गंतव्यों के लिए चलाई जा रही हैं। पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई से देश के विभिन्न भागों के लिए 14 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। साथ ही, सूरत/उधना, वापी, वलसाड से यात्रियों की भारी मांग को पूरा करने के लिए 14 जोड़ी ओरिजिनेटिंग विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जबकि 21 जोड़ी ट्रेनें सूरत/उधना या भेस्तान से गुजर रही हैं। इसी प्रकार, गुजरात के अन्य स्टेशनों जैसे वापी, वलसाड, वडोदरा, अहमदाबाद, साबरमती, हापा, ओखा, राजकोट, भावनगर टर्मिनस आदि के साथ-साथ मध्य प्रदेश के इंदौर, डॉ. अंबेडकर नगर, उज्जैन से भी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

### कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत का बयान

# घाटी की जनता ने पीएम मोदी का सबक खिलाया, हरियाणा में पिक्चर अभी बाकी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों का हवाला देकर कहा कि घाटी की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को करारा सबक सिखाया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सीनेत ने कहा, चुनाव दो जगह हुए, एक जम्मू-कश्मीर और दूसरा राज्य हरियाणा। जम्मू-कश्मीर में लोगों ने हमें सहर्ष स्वीकार किया, वहीं भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिकार किया। जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में हथकंडे अपनाए जा रहे थे, पांच विधायक बढ़ाए जा रहे थे, उन सभी चीजों को देखते हुए घाटी की जनता ने इन लोगों को करारा सबक सिखाय है। उन्होंने कहा, मैं समझती हूं कि यह बड़ी बात है कि घाटी की जनता ने कांग्रेस को लेकर ऐस रिएक्शन दिया है।

दस साल बाद वहां पर चुनाव हुए और लोगों ने हमें सहर्ष स्वीकार किया। कांग्रेस नेता ने हरियाणा के रुझानों को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा हरियाणा को लेकर मेरा मानना है कि पिक्चर अभी-भी बाकी है पिक्चर वक्त के साथ क्लियर होगा डेटा अभी थोड़ा स्लो चल रहा है लेकिन हरियाणा में उस तरह से हमें प्रचंड बहुमत हासिल होता हुआ नहीं दिख रहा है, जिसकी हमें उम्मीद थी।

## हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का बख्तियारपुर स्टेशन पर ठहराव

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर मंडल के बख्तियारपुर, दनियावां हाल्ट एवं पावापुरी रोड स्टेशनों पर एक-एक जोड़ी ट्रेनों का प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है- 1) गाड़ी सं. 22348/47 पटना-हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का बख्तियारपुर स्टेशन पर ठहराव- दिनांक 13.10.2024 से गाड़ी सं. 22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस 08.37 बजे बख्तिायारपुर पहुंचेगी और 08.39 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 13.10.2024 से गाड़ी सं. 22347 हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 21.32 बजे बख्तिायारपुर पहुंचेगी और 21.34 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस कारण गाड़ी सं. 22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का मोकामा एवं लखीसराय स्टेशनों पर ठहराव समय में संशोधन किया गया है। दिनांक 13.10.24 से गाड़ी सं. 22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार मोकामा में 09.02/09.04 बजे तथा लखीसराय में 09.24/09.26 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 2) गाड़ी सं. 18623/24 इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस का दनियावां हाल्ट पर ठहराव- दिनांक 14.10.2024 से गाड़ी सं. 18623 इसलामपुर-हटिया एक्सप्रेस 19.54 बजे दनियावां हाल्ट पहुंचेगी और 19.56 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# आम आदमी पार्टी की जम्मू-कश्मीर में लग गई लॉटरी

## केजरीवाल हरियाणा में खाता नहीं खोल पाए पर घाटी से मिला सरप्राइज गिफ्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आ गए हैं। जहां एक तरफ कांग्रेस-एनसी गठबंधन का विजय रथ धूम मचा चुका है वहीं इसी बीच आम आदमी पार्टी ने भी अपना खाता खोल दिया है। जम्मू कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों में से डोडा सीट पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मेहराज मलिक ने जीत दर्ज की है। डोडा विधानसभा में एएपी की जीत 4,770 वोटों से हुई है। उन्हें कुल 22,944 मिले हैं। जबकि दूसरे नंबर रहे बीजेपी के गजय सिंह राणा को 18,174 वोट मिले हैं। जबकि तीसरे नंबर जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार रहे हैं। मेहराज मलिक ने अपने एक्स हैंडल पर अपनी जीत के घोषणा का वीडियो शेयर किया है। जिसमें मतगणना केंद्र से अधिकारी डोडा से उनकी जीत का ऐलान कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इससे पहले साल 2014 में बीजेपी को डोडा सीट पर जीत मिली थी। उसे पहले यहां पर कांग्रेस का कब्जा रहा है। हालांकि अब इस सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस विधानसभा चुनाव में डोडा सीट पर करीब 73 हजार लोगों ने मतदान किया था।



# अरविंद केजरीवाल ने कार्यकताओं से कहा, अति आत्मविश्वास ना हो... चुनाव को हल्के में ना लें

**नई दिल्ली।** हरियाणा में बीजेपी लगातार तीसरी बार सत्ता में वापस आ रही है। विधानसभा चुनाव परिणाम में बीजेपी और मजबूत बनकर उभरी है। आम आदमी पार्टी ने भी हरियाणा चुनाव में हिस्सा लिया था। हालांकि, आप को एक भी सीट नहीं मिली। अब आम आदमी पार्टी के चीफ और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पहला रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव का बड़ा सबक यह है कि चुनावों में अति आत्मविश्वास ना हो। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी भी ओवर कॉन्फिडेंट नहीं होना चाहिए। केजरीवाल ने आप के पार्षदों को संबोधित कर कहा कि हरियाणा चुनाव परिणाम का सबसे बड़ा सबक यही है कि किसी को भी चुनाव में ओवर कॉन्फिडेंट नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए. हर चुनाव और हर सीट मुश्किल होती है केजरीवाल ने पार्टी पार्षदों से अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए कड़ी मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके वार्ड से कूड़े का उचित तरीके से संग्रह और निपटान किया जाए। इस (दिल्ली) चुनाव में आपकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। हम चुनाव जीते बशर्ते आप अपने इलाकों से कूड़े का उचित संग्रह और निपटान सुनिश्चित करें जो एक बहुत ही बुनियादी बात है।



# विनेश फोगाट जहां जाएंगी, कांग्रेस का सत्यानाश ही होगा

## बृज भूषण सिंह ने जताई प्रतिक्रिया, कहा-कांग्रेस को तो डुबो दिया




**गोंडा (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट की जीत गई हैं। विनेश फोगाट की जीत पर पूर्व बीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंगलवार को उन्होंने कहा-हमारा नाम लेकर अगर वे (विनेश फोगाट) जीत गईं तो इसका मतलब हम महान आदमी हैं। कम से कम मेरे नाम में इतना दम तो है कि मेरा नाम लेकर उनकी नइया पार हो गई लेकिन कांग्रेस को तो डुबो दिया...राहुल बाबा का क्या होगा। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने कहा कि विनेश फोगाट जहां-जहां जाएंगी, कांग्रेस का सत्यानाश ही होगा।

# यह लड़ाई देश की सबसे मजबूत दमनकारी शक्तियों के खिलाफ थी

## विनेश बन गईं विधायक, उनकी जीत पर बोले बजरंग पूनिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेसलर विनेश फोगाट ने विधानसभा चुनाव जीत लिया है। कांग्रेस ने जुलाना से विनेश को टिकट दिया था। उन्होंने भाजपा को योगेश कुमार को हरा दिया है। पेरिस ओलंपिक के बाद विनेश फोगाट के साथ बजरंग पूनिया भी कांग्रेस में शामिल हुए थे। विनेश की जीत के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देश की बेटी विनेश फोगाट को जीत की बहुत बहुत बधाई। यह लड़ाई सिर्फ एक जुलाना सीट की नहीं थी, सिर्फ 3-4 और प्रत्याशियों के साथ नहीं थी, सिर्फ पार्टियों की लड़ाई नहीं थी। यह लड़ाई देश की सबसे मजबूत दमनकारी शक्तियों के खिलाफ थी, और विनेश विजेता रहीं।

# भारतीय संस्कृति और विचार वर्तमान समय में भी प्रासंगिक: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जैन धर्म के सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम को संबोधित

जयपुर,



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक सभी जैन तीर्थंकरों ने सदैव अहिंसा और क्षमा का सन्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी धर्मों में अहिंसा एवं क्षमा को विशेष महत्व दिया गया है तथा जैन धर्म ने इसे नई पहचान प्रदान की। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में अहिंसा और क्षमा सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवों तक विस्तृत है तथा यह सिद्धांत विश्वशांति की ओर ले जाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। जैन धर्म के पूज्य जनों का एक साथ आना राजस्थान की जनता के लिए एक सुन्दर सन्देश है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जैन धर्म के सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन तीर्थंकरों ने दुनिया को सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांतों के माध्यम से मार्ग दिखाया, जिससे हमारी संस्कृति और विचार वर्तमान समय में भी पूरी दुनिया में प्रासंगिक हैं। साधु-मुनियों की वाणी ईश्वरीय रूप होती है, जिनके आशीर्वाद से भारत दुनिया में अपनी पहचान बनाए हुए है तथा 21वीं सदी में विकसित भारत के रूप में दुनिया की महाशक्ति बनेगा।

विकसित राजस्थान से होगा विकसित भारत का संकल्प पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 9 माह के अल्प समय में ही प्रदेश में विकास की गति को बढ़ाया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम विकसित राजस्थान की ओर मजबूती से बढ़ रहे हैं। शर्मा ने कहा कि जैन धर्म के आस्था स्थलों के विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रणकपुर जैन मन्दिर के सौन्दर्यीकरण एवं सुविधायें विकसित करने का तथा नसियां जी विराटनगर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार राइजिंग राजस्थान का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने व्यवसायियों से राइजिंग राजस्थान समिट में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आचार्य शशांक सागर महाराज ने कहा कि राजस्थान में पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है।

# निगम-आरआरडीए में 700 से अधिक भवनों का नक्शा पेंडिंग

रांची,




झारखंड हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम में भवन का नक्शा पास कराने में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए इसकी प्रक्रिया सरल बनाने का निर्देश दिया था। सरकार की ओर से नक्शा पास करने की प्रक्रिया को 7 की जगह 4 स्टेप में करने का शपथ पत्र दिया गया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने नक्शा पास करने पर लगाई रोक को हटाने का निर्देश दिया था। लेकिन, नगर निगम ने अब हाईकोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए नक्शा पास करने की प्रक्रिया में अपर प्रशासक को शामिल कर लिया है।

इसके लिए नया तरीका निकाला गया। विधि पदाधिकारी को नक्शा पास करने के सिस्टम से बाहर कर दिया गया है और अपर प्रशासक को ही नक्शा से जुड़े जमीन के कागजात की जांच करने की जिम्मेदारी दे दी गई है। जबकि, पहले भी जमीन के जुड़े कागजात की जांच की जिम्मेदारी प्रशासनिक पदाधिकारी के पास होने से ही बार-बार भ्रष्टाचार का मामला सामने आया था। इसके बावजूद निगम ने कागजातों की जांच की जिम्मेदारी प्रशासनिक पदाधिकारी को दे दी। इसका नतीजा है कि नक्शा पास करने की प्रक्रिया धीमी हो गई है। नगर निगम और आरआरडीए में 700 से अधिक नक्शा पेंडिंग हैं। निगम ने नक्शा के सैकड़ों आवेदनों को वापस भी कर दिया है। क्योंकि, अधिकतर में आवेदकों द्वारा जमा किए गए कागजात स्व प्रमाणित नहीं थे।

# राहुल गांधी बड़ी झूठ की मशीन: लाल सिंह

रांची,




भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्यमंत्री, इंडी गठबंधन के नेता संविधान की किताब दिखाते हुए हर सभा में बोलते थे कि मोदी और भाजपा को 400 सीट दे दी तो वे संविधान बदल देंगे। आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस और इंडी गठबंधन संविधान और आरक्षण की रक्षा करेगी।

लाल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने ऐसा कर दलित, आदिवासी, पिछड़ों को भड़काकर कुछ प्रतिशत वोट हासिल करने का काम कर लिया। वोट लेने के बाद जैसे ही वे अमेरिका गए, वहां उन्होंने पत्रकार से बातचीत में कहा कि यदि भारत में हम ताकत में आ गए तो आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस का यह दोहरा चरित्र है। लोकसभा चुनाव में वोट हासिल करने से पहले दूसरा चरित्र था और लोकसभा चुनाव के बाद उनका दूसरा चेहरा सामने आया। आम जनता कहती है कि राहुल गांधी बड़ी झूठ की मशीन हैं। यह उन्होंने अपने चरित्र से भी सिद्ध किया है। लाल सिंह आर्या रविवार को को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। लाल सिंह ने कि केवल राहुल गांधी आरक्षण खत्म करने की बात नहीं करते हैं, बल्कि 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश के सभी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि हम आरक्षण का पक्ष में नहीं हैं। आरक्षण से आयोग और दोयम दर्जे को लोग पैदा होते हैं। उन्होंने आरक्षण के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए काका कालेलकर की कमेटी पंडित नेहरू ने बनाई थी। आरक्षण देने के लिए जब रिपोर्ट आई तब उन्होंने उसको खारिज कर दिया। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग बनाया लेकिन मंडल आयोग की सिफारिश को कचरे में डाल दिया।

लाल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा कि आरक्षण से बुद्धू पैदा होते हैं।

# नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने हेमंत सोरेन से पूछे सवाल

रांची,




झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रविवार को ट्वीट कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सवाल पूछा है। उन्होंने लिखा है कि 40 हजार के अधिक पोस्ट के साथ पूरे देश में सातवें नंबर पर #Cancel-jssc-cgl ट्रेंड कर रहा है। साथ ही लिखा है कि मुख्यमंत्री से राज्य के युवा पूछ रहे हैं कि बेरोजगारी भत्ते का क्या हुआ। पांच लाख नौकरियों का क्या हुआ। परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच का क्या हुआ।

दूसरी ओर, कोचिंग संस्थान करियर फाउंडेशन के संस्थापक प्रकाश पोद्दार ने ट्वीट कर लिखा कि जेएसएससी वाले साक्ष्य की मूल कॉपी मांगते हैं लेकिन हमें इन पर भरोसा नहीं है। मूल साक्ष्य हमलोग कोर्ट में ही देंगे। उन्होंने झामुमो, हेमंत सोरेन और बाबूलाल मरांडी को भी टैग किया और लिखा कि यदि ये लोग मूल साक्ष्य को नष्ट कर दिये तो रिजल्ट भी दे देंगे। इसलिए कोर्ट में ही हम सबूत देंगे। ये वही शख्स है जिसे आयोग के सचिव ने गड़बड़ी की प्रमाणिकता का शपथ पत्र देने के लिए अंतिम मौका दिया है। सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने पत्र लिखकर सात अक्टूबर के दोपहर तीन बजे तक का टाइम दिया है।

सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल)-2023 में गड़बड़ी से संबंधित सबूतों की प्रामाणिकता संबंधी शपथ पत्र व सीडी की फ्रेश कॉपी पेश करने को लेकर शिकायतकर्ताओं को अंतिम अवसर दिया गया है। जेएसएससी ने सात अक्टूबर को दोपहर तीन बजे सभी सभी शिकायतकर्ताओं को आयोग को समर्पित साक्ष्यों की सत्यता व प्रामाणिकता संबंधी शपथ पत्र के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया है।आयोग के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने शिकायतकर्ता कुणाल प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार और विनय कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि कई बार अवसर दिया गया लेकिन आपके द्वारा समर्पित परिवाद, पेन ड्राइव व सीडी की सत्यता व प्रामाणिकता संबंधी शपथ पत्र पेश नहीं किया गया। दोबारा सीडी दी गयी लेकिन वह भी स्पष्ट नहीं था। खाली ही रहा। अभ्यर्थियों को पुनः सीडी की फ्रेश प्रति पेश करने के लिए समय दिया गया लेकिन अब तक अप्राप्त है।

**तीन सदस्यीय समिति कर रही जांच:** सीजीएल परीक्षा राज्य के 823 केंद्रों पर 21 तथा 22 सितंबर को संपन्न हुई। इसमें 3,04,769 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। परीक्षा में पेपर लीक, विभिन्न विषयों के 180 प्रश्न रिपीट करने सहित अन्य गड़बड़ियों के आरोप हैं। 22 सितंबर को परीक्षा शुरू होने के पूर्व कई अभ्यर्थियों के पास प्रश्नों के जवाब उपलब्ध होने का आरोप भी अभ्यर्थियों द्वारा लगाया गया है। 26 सितंबर को अभ्यर्थियों ने जेएसएससी को सबूत सौंपा था। इस पर आयोग द्वारा तीन सदस्यीय समिति गठित की थी, जो मामले की जांच कर रही है।

# बेकाबू डंपर ने 16 लोगों को कुचला, पांच की मौत

दौसा,



जिले के लालसोट शहर के बस स्टैंड पर रविवार सुबह बेकाबू डंपर ने 15 लोगों को कुचल दिया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

लालसोट एसपी लोकेश सोनवाल ने बताया कि गिट्टियां लेकर जा रहे डंपर ने ब्रेक फेल होने की वजह से बस स्टैंड पर खड़े लोगों व सामने आए वाहनों को कुचल दिया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को लालसोट जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दस घायलों को गंभीर हालत में दौसा व जयपुर के हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए पुलिस-प्रशासन को जिम्मेदार बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। लोगों का कहना था कि दिन में भारी वाहनों की नो एंट्री के बावजूद डंपर भीड़ भरे इलाकों में घुस रहे हैं। पुलिस ने हादसे के बाद डंपर का चालक को हिरासत में ले लिया है। पूरे मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

लालसोट जिला अस्पताल के सीएमएचओ डॉ. सीताराम मीणा ने बताया कि 15 लोगों को अस्पताल लाया गया था। इनमें से चार की पहले ही मौत हो चुकी थी। हादसे में घायल एक और व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हुई है। मृतकों में लक्ष्मी महावर (14), रेवड़ (33) पुत्र गेंडालाल, महेश चंद्र शर्मा और रामहरि योगी की पहचान हुई है। वहीं, घायलों अजय (33) पुत्र जेनेंद्र, कस्तूरी (34) पत्नी रामफूल, पप्पू (50) पुत्र बहरूपिया, बिरमा (45) पत्नी जगदीश, अर्चना (35), हाकिम सिंह (60) छाजूसिंह, गोलू (14) पुत्र लल्लू महावर, मानसिंह (14) पुत्र बजरंग, उर्मिला (40) पत्नी शंभूदयाल और पूजा (30) को दौसा और दूसरे हॉस्पिटल में रेफर किया गया है।

सोनवाल ने बताया कि लालसोट से दौसा की ओर जा रहे रास्ते की ओर लंबी ढलान है। दोपहर के समय बजरी से भरा एक डंपर ढलान की ओर जा रहा था। इसी दौरान डंपर का ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गया। कई लोग डंपर की चपेट में आ गए।

**मंत्री-विधायकों ने जताई संवेदना**

केबिनेट मंत्री डॉ किरोडीलाल मीणा ने एक्स पर लिखा कि दौसा जिले के लालसोट बस स्टैंड पर हुए हृदय विदारक सड़क हादसे के दुःखद समाचार प्राप्त हुए। इस हादसे में कई लोगों की हुई असमय मृत्यु अत्यंत दुखद है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस असीम पीड़ा को सहन करने की शक्ति दें। इस घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# 13 अक्टूबर को सभी कालेजों में मनाया जाएगा समर्थ दिवस

धर्मशाला,

समर्थ 2024 के अंतर्गत चल रहे अभियान के तहत शनिवार को जिला कांगड़ा के 30 सरकारी डिग्री कॉलेजों के आपदा प्रबंधन समन्वयकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार ने समर्थ के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों को 13 अक्टूबर को 'हर घर दस्तक' अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेना अनिवार्य है।

यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने इस पहल की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह समुदाय को सुदृढ़ और सुरक्षित भवन निर्माण प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

**50 छात्रों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित करें और इन छात्रों को 4-5 सदस्यों के समूहों में नजदीकी गांवों और कस्बों में कम से कम 300 घरों तक पहुंचाने के लिए तैनात करें**

उन्होंने कॉलेज के प्रोफेसरों को सलाह दी कि वे अपने कॉलेज से 50 छात्रों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित करें और इन छात्रों को 4-5 सदस्यों के समूहों में नजदीकी गांवों और कस्बों में कम से कम 300 घरों तक पहुंचाने के लिए तैनात करें। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान जिले भर में लगभग डेढ़ लाख घरों तक पहुंचने का लक्ष्य रखता है। इस दौरान सुरक्षित भवन निर्माण प्रक्रियाओं पर जानकारी और शैक्षणिक सामग्री प्रोफेसरों को वितरित की गई, जिसका उपयोग वे अपने जागरूकता अभियानों में करेंगे। कॉलेजों को यह भी निर्देश दिए गए कि वे इस अभियान के दौरान समुदाय के विभिन्न हितधारकों द्वारा साझा किए गए अनुभवों, अवसरों और चुनौतियों का विवरण रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत करें।

बैठक में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण समन्वयक भानु शर्मा और आईटी समन्वयक रॉबिन कुमार भी उपस्थित रहे। भानु शर्मा ने कॉलेजों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन केंद्र मानते हुए उनकी अधिकतम भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि अभियान सफल हो सके। उन्होंने कहा कि 'हर घर दस्तक' पहल समर्थ 2024 के व्यापक प्रयासों का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कांगड़ा जिले में समुदाय की आपदा तैयारी को बढ़ावा देना है।



# लिविंग रूम को रि-अरेंज करते समय फॉलो करें ये टिप्स

**अमूमन हम अपने घर को एक नया लुक देने के लिए अक्सर उसके इंटीरियर में बदलाव करते हैं। इसका सबसे आसान तरीका होता है उस प्लेस को रि-अरेंज करना। यूं तो आप समय-समय पर अपने घर के अलग-अलग हिस्सों को रि-अरेंज करती होंगी, लेकिन लिविंग एरिया को रि-अरेंज करते हुए आपको कुछ खास बातों को ध्यान रखना चाहिए।**

दरअसल, लिविंग एरिया में सिर्फ घर के सदस्य ही नहीं, बल्कि आने वाले मेहमान भी बैठते हैं। जिसके कारण उस जगह के इंटीरियर व डेकोर से आपकी इमेज पर भी फर्क पड़ता है। इसलिए, जब भी आप लिविंग एरिया को रि-अरेंज करें तो आपको उसे बेहतर तरीके से इसे करना आना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप अपने लिविंग रूम को रि-अरेंज कर सकती हैं

## बनाएं एक नया फोकस प्वॉइंट

फोकस प्वॉइंट वह होता है, जिस पर हर किसी की नजर सबसे पहले पड़ती है। आपके लिविंग रूम में भी कोई ना कोई फोकस प्वॉइंट जरूर होगा। जब आप अपने लिविंग एरिया को रि-अरेंज कर रही हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने फोकस प्वॉइंट को चेंज करने की कोशिश करें। मसलन, अगर कोई आर्टवर्क या फिर फर्नीचर पीस फोकस प्वॉइंट है तो अब आप उसे हटाएं। इसकी जगह आप एक बुक शेल्फ वॉल पर फिक्स करें या फिर आप फर्नीचर पीस को चेंज करने की कोशिश करें। इससे आपको अपना लिविंग रूम एकदम से नया लगेगा।

## फर्नीचर को करें मूव


जब आप लिविंग एरिया को रि-अरेंज कर रही हैं तो इस दौरान फर्नीचर को मूव करना यकीनन अच्छा विचार है। फर्नीचर को मूव करने से पहले से यह देखें कि आप उसे किस तरह नए तरीके से अरेंज कर पाएंगी। जब आप ऐसा करती हैं तो इससे फर्नीचर को मूव करते समय आपको परेशानी नहीं होगी। हमेशा पहले अपने माइंड में लेआउट बनाएं और उसके बाद ही फर्नीचर को मूव करें। हालांकि, अगर आप फर्नीचर को मूव नहीं करना चाहती हैं तो आप डिफरेंट कलर के फैब्रिक का इस्तेमाल करें। इससे भी लिविंग रूम में चेंज आता है।

## लाइट सेटिंग पर दें ध्यान

लिविंग रूम को रि-अरेंज करने का मतलब सिर्फ सामान को इधर-उधर करना ही नहीं होता है, बल्कि आपको हर छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना चाहिए। मसलन, आपको लिविंग एरिया की लाइट सेटिंग पर फोकस करें। कोशिश करें कि लिविंग एरिया की सेटिंग कुछ ऐसी हो, जिससे वहां पर नेचुरल लाइटिंग को मैक्सिमाइज किया जा सके। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे लिविंग एरिया देखने में बेहद खूबसूरत लगता है।

## वॉल आर्ट को करें रिअरेंज

लिविंग रूम को रि-अरेंज करते हुए आपको वॉल आर्ट में भी बदलाव करना चाहिए। आप वॉल आर्ट की प्लेसमेंट वॉल को चेंज करें या फिर आप अपनी खुद की बनाई कोई आर्ट हैंग कर सकती हैं। लिविंग रूम को रि-अरेंज करते हुए जब वॉल्स पर ध्यान रखा जाता है तो इससे आप बेहतर तरीके से उस एरिया का मेकओवर कर सकती हैं।



# जीवन पर कई तरह से असर डालता है साफ सुथरा और व्यवस्थित घर

**हम घर को साफ़-सुथरा और व्यवस्थित बनाते हैं, फिर घर हमारे मन को साफ़ और ज़िंदगी को व्यवस्थित करता है। दीपावली जीवन में जो अपार सुख भरती है, उसका एक बड़ा हिस्सा स्वच्छता और व्यवस्था से उपजता है। इस जादू को महसूस करने के दिन आ गए हैं!**

दीपावली के आने की पहली आहट घर की साफ़-सफ़ाई के 'संगीत' में मिलती है। जीवन की धुरी घर है तो घर की धुरी स्त्री, यानी स्त्री के हाथों घर और घर के ज़रिए जीवन के व्यवस्थित होने की शुरुआत हो रही होती है। दीप पर्व दूसरे सारे त्योहारों की तरह हमें उमंग-तरंग से तो भरता ही है, साथ ही पूरे एक वर्ष के लिए हमारे जीवन का नवीनीकरण कर जाता है, इसीलिए ये हमारी संस्कृति का सबसे बड़ा त्योहार है। दीपावली आती है तो घर की हर चीज़ पर नज़र ज़रूर डाली जाती है। उसे धोया या झाड़ा-पोंछा जाता है। उसकी सही जगह पर रखा जाता है। देखा जाता है कि फलां वस्तु अब काम की रही भी कि नहीं! वह वहीं ठीक रहेगी जहां रखी है या किसी और जगह पर उसका होना मुनासिब होगा? अगर वह अब अपने मूल काम की नहीं रही, तो क्या किसी और काम आ सकती है? और ये भी नहीं तो उसे किसे दे दिया जाए कि वह उसके कोई काम आ जाए? यह सब नहीं हो पाता, तब जाकर हम उसके फेंके जाने पर पहुंचते हैं। इस गुण ने ही तो इस प्राचीन सभ्यता को यूं जीवंत बनाए रखा है। हम किसी भी चीज़ के सदुपयोग की कोशिश अंत तक करते हैं।

## घर को जमाना मन को सजाना

ऐसा नहीं है कि इस क़वायद का उद्देश्य केवल चीज़ों को चमकाना और अच्छा दिखाना है। इसके पीछे पूरा का पूरा मनोविज्ञान है। दरअसल, जब मन अच्छा होता है तब तो जीवन क्रम में रहता ही है, लेकिन कभी जब बिखराव ज्यादा हो जाए और मन समझाए न समझे, तब जीवन को व्यवस्थित कर मन को अच्छा करना पड़ता है। और दीपावली पर पूरे घर को फिर से व्यवस्थित करना वही नुस्ख़ा है। एक बार ठीक हुआ मन फिर लंबे समय तक या कह लीजिए, कम से कम एक साल तक तो जीवन को व्यवस्थित रखने के लायक़ बन ही जाता है और तब तक अगली दीपावली आ जाती है! घर में स्वच्छता और व्यवस्था का असर क्या होता है, यह शोध-अध्ययन के बजाय महसूस करने की बात है। हर किसी ने दिवाली की सफ़ाई के बाद में अतिरिक्त सकारात्मकता, उमंग और उत्साह का अनुभव किया ही होगा। जहां तक रिसर्च की बात है, तो उनसे भी पुष्टि होती है कि साफ़-सुथरा और अच्छी तरह व्यवस्थित घर रहने वालों के जीवन पर कई तरह से असर डालता है। सबसे बड़ा प्रभाव तो मन की उलझन और जकड़न दूर होने के रूप में पड़ता है। आप स्पष्ट ढंग से सोच पाते हैं। यही वजह है कि सुव्यवस्था को रचनात्मकता बढ़ाने वाला तत्व भी माना जाता है। तनाव और चिड़चिड़ापन भी कम हो जाता है। इसके अलावा, सामाजिक मामलों में आपका आत्मविश्वास बढ़ता है, क्योंकि अब आपको चिंता नहीं होती कि कोई अचानक आ धमकेगा तो घर की हालत देखकर क्या सोचेगा! बल्कि आप तो लोगों को आमंत्रित करना चाहते हैं। यह भी मानी हुई बात है कि अस्त-व्यस्त, कबाड़ख़ाने जैसी जगह में नींद ढंग से नहीं आती, सो दिवाली के लिए की गई मेहनत आपकी नींद, सुकून, चैन और आराम में भी बढ़ोतरी करती है।

## व्यवस्था में प्रवाहित होती है ऊर्जा

विज्ञान में रुचि रखने वाले पाठक ज़रूर जानते होंगे कि अणुओं का व्यवस्थित होना ही विद्युत के प्रवाह को संभव बनाता है। अणु व्यवस्थित क्रम में हुए नहीं कि बिजली अपने उद्गम से उपयोग तक निर्बाध बहने लगती है। ठीक इसी तरह हमारे घर का व्यवस्थित होना हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने लगता है और तब यही ऊर्जा हमारे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की वाहक बनती है। मां लक्ष्मी की हम पर कृपा बरसने लगती है।

यही तो है दीपावली, दीपों की अवली, दीपों की पंक्ति। अमावस की उस रात हमारे घरों की चारदीवारी और मुंडेर पर लगे पंक्तिबद्ध दीये इसी बात की ही तो घोषणा कर रहे होते हैं कि देखो! हमने अपना जीवन व्यवस्थित कर लिया है। अब इसमें ऊर्जा प्रवाहित होगी।

## मुक्त होने का मंत्र...

हर भावनात्मक लगाव की तरह इस बात को समझना भी बहुत ज़रूरी है कि कोई भी चीज़ चाहे आज कितनी ही ठीक हालत में क्यों न हो, कभी कितनी ही क़ीमती क्यों न रही हो, अगर आज हमारे किसी भी काम की नहीं, तो बेहतर है हम ऐसे किसी को दे दें जिसके काम आए। और इसे जांचने का एक सीधा-सा तरीक़ा है ... यदि दैनिक जीवन की किसी चीज़ को आपने एक वर्ष से काम में नहीं लिया या वार-त्योहार के लिए सहेजी चीज़ों को ऐसे ही किसी मौक़े पर काम में लेने से आप हिचकिचाए हैं और अंततः आपने उसे रखा ही रहने दिया, तो यक़ीन मानिए वह अब आपके किसी काम की नहीं। उसका होना भीड़ ही बढ़ाएगा, अव्यवस्था ही फैलाएगा।



# चमत्कारी प्रभाव का दावा करने वाली दवाओं का विज्ञापन करना अवैधः आयुष मंत्रालय

■ ऐसे विज्ञापन सार्वजनिक स्वास्थ्य को "गुमराह और खतरे में डाल सकते हैं"। एक सार्वजनिक नोटिस में मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी आयुर्वेदिक, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथिक (एएसयूएंडएच) कंपनी या उसकी दवा को न तो प्रमाणित या अनुमोदित करता है और न ही किसी एएसयूएंडएच निर्माता या कंपनी को बिक्री के लिए विनिर्माण का लाइसेंस देता है।



**औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके अंतर्गत नियमों के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, किसी भी एएसयूएंडएच औषधि की बिक्री के लिए विनिर्माण का लाइसेंस संबंधित राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जाता है।**

**मुंबई, एजेंसी।** अलग अलग रोगों का उपचार करने के लिए कई आयुर्वेदिक दवाओं को लेकर खास तरह के दावे किए जाते है। कई आयुर्वेदिक दवाओं पर ₹चमत्कारी या अलौकिक प्रभाव₹ का दावा किया जाता है। ऐसी दवाएं आमतौर पर आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी पर लिखा होता है। मगर ऐसी दवाओं पर होने वाले दावे को लेकर केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने बड़ा दावा किया है। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे विज्ञापन सार्वजनिक स्वास्थ्य को ₹गुमराह और खतरे में डाल सकते हैं₹। एक सार्वजनिक नोटिस में मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी आयुर्वेदिक, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथिक (एएसयूएंडएच) कंपनी या उसकी दवा को न तो प्रमाणित या अनुमोदित करता है और न ही किसी एएसयूएंडएच निर्माता या कंपनी को बिक्री के लिए विनिर्माण का लाइसेंस देता है। इसके अलावा, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके अंतर्गत नियमों के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, किसी भी एएसयूएंडएच औषधि की बिक्री के लिए विनिर्माण का लाइसेंस संबंधित राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जाता है। मंत्रालय ने कहा, ₹रोगों के उपचार के लिए चमत्कारी या अलौकिक प्रभावों का दावा करने वाली एएसयूएंडएच दवाओं का विज्ञापन करना अवैध है। ऐसे विज्ञापन असत्यापित या झूठे दावों को बढ़ावा देकर सार्वजनिक स्वास्थ्य को गुमराह और खतरे में डाल सकते हैं। मंत्रालय ने आगे कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954, कुछ बीमारियों और स्थितियों के उपचार के लिए औषधियों और जादुई उपचारों के विज्ञापन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाता है। इस अधिनियम का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया कोई भी व्यक्ति कानून के तहत निर्धारित दंड के लिए उत्तरदायी होगा। सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि अनुसूची-एल में शामिल आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधियों का सेवन आयुष चिकित्सा की संबंधित प्रणाली के पंजीकृत चिकित्सक की देखरेख और मार्गदर्शन में किया जाना अनिवार्य है। इसमें कहा गया है कि ऐसी दवाओं के कंटेनर पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ₹चिकित्सकीय देखरेख में सावधानी बरतने₹ के निर्देश लिखे होंगे।

# विनिर्माण के पांच क्षेत्रों में ताइवान से 15 अरब डॉलर निवेश की संभावना : फिक्की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश के पांच विशिष्ट विनिर्माण क्षेत्र पीसीबी (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड), इलेक्ट्रॉनिक घटक, इलेक्ट्रिक मोटर्स, सीसीटीवी, स्मार्ट हेल्थकेयर और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग में ताइवान से 15 अरब डॉलर निवेश को आकर्षित करने की पूरी संभावना है। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन फिक्की की मंगलवार को 'संभावनाओं को खोलना : ताइवानी उद्यमों के लिए एक भागीदार के रूप में भारत के लाभ' शीर्ष से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच विशिष्ट विनिर्माण क्षेत्र ताइवान से 15 अरब डॉलर के निवेश को आकर्षित करने के लिए महान संभावित क्षेत्रों के रूप में सामने आए हैं। ये पांच क्षेत्र पीसीबी (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड), इलेक्ट्रॉनिक घटक (जैसे निष्क्रिय उपकरण, इलेक्ट्रो-मैकेनिकल घटक, अर्धचालक आदि), इलेक्ट्रिक मोटर्स, सीसीटीवी, स्मार्ट हेल्थकेयर (जैसे फिटनेस ट्रैकर, स्मार्टवॉच, हृदय गति मॉनिटर आदि) और ईवी चार्जिंग है। इन क्षेत्रों में ताइवान के लिए भारत में वर्तमान लक्षित बाजार 60 अरब डॉलर का है और ताइवान का उद्योग न केवल घरेलू बाजार बल्कि निर्यात के लिए भी इन क्षेत्रों में निवेश कर सकता है।

रिपोर्ट में ताइवान और भारत के बीच मजबूत साझेदारी के पारस्परिक लाभों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि कैसे ताइवान की कंपनियां भारत के तेज विकास का लाभ उठा सकती हैं और साथ ही अपनी उच्च तकनीक विशेषज्ञता के माध्यम से इसमें योगदान दे सकती हैं। ताइवान की तकनीकी प्रगति और भारत के बढ़ते बाजार के साथ मिलकर दोनों देशों के लिए एक साथ समृद्ध होने का रणनीतिक मार्ग प्रदान करता है। सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सहित निवेश-समर्थक पहल, बुनियादी ढांचे और रसद संवर्द्धन पर जोर के कारण वैश्विक स्तर पर अपना विस्तार चाहने वाली ताइवानी कंपनियों के लिए भारत एक आदर्श साझेदार हो सकता है।

## सैमसंग इंडिया ने 'सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024' के विजेताओं की घोषणा की

**नई दिल्ली।** सैमसंग इंडिया ने अपने प्रमुख नेशनल एजुकेशन और इनोवेशन कॉम्पीटिशन ''सॉल्व फॉर टुमॉरो'' 2024 के तीसरे संस्करण की विजेता टीमों, इको टेक इनोवेटर और मेटल की घोषणा कर दी है। गोलाघाट, असम की इको टेक इनोवेटर टीम को स्कूल ट्रैक में 'कम्युनिटी चैम्पियन' घोषित किया गया है, जबकि उडिपी, कर्नाटक की मेटल टीम ने यूथ ट्रैक में 'एनवायरनमेंट चैम्पियन' का खिताब जीता है। इस प्रतियोगिता ने बड़े भारतीय शहरों से अलग दूरदराज के इलाकों तक प्रोग्राम की पहुंच को दिखाया है। इको टेक इनोवेटर ने गैर-संदूषित पीने के पानी तक समान पहुंच बनाने के लिए आइडिया विकसित किया।

## निवेश आकर्षित करने के लिए दुबई में खुलेगा कार्यालय

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ने भारत में निवेश करने के इच्छुक संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों की सुविधा के लिए दुबई में 'इन्वेस्ट इंडिया' का कार्यालय खोलने का फैसला किया है। गोयल ने निवेश पर भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए यह भी घोषणा की कि भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का पहला विदेशी परिसर दुबई में स्थापित किया जाएगा। यह संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले 35 लाख भारतीय समुदाय के लिए एक वरदान होगा। दोनों पक्षों ने कई प्रमुख फैसलों पर प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न निर्णयों को तेजी से लागू किये जाने पर संतोष व्यक्त किया।

# ग्रीन 5 जी के लिए एयरटेल और नोकिया की साझेदारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली भारती एयरटेल और नोकिया ने आज 'ग्रीन 5जी' पर सहयोग की घोषणा की जिसका उद्देश्य एयरटेल के मोबाइल नेटवर्क में ऊर्जा-कुशल समाधान पेश करना है। एयरटेल ने यहां जारी बयान में कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना एआई/एमएल जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ-साथ उन्नत सॉफ्टवेयर सुविधाओं और अभिनव समाधानों के एक समूह का लाभ उठाकर उसके 4जी/5जी रेडियो एक्सेस नेटवर्क में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। समाधान से पीक और ऑफ-पीक घंटों के दौरान ऊर्जा दक्षता बढ़ाने की उम्मीद है और अनुमान है कि इससे एयरटेल के कार्बन उत्सर्जन में सालाना अनुमानित 143,413 टन की कमी आएगी।

भारती एयरटेल के सीटीओ रणदीप सेखों ने कहा, "डेटा की बढ़ती मांग के जवाब में, भारत भर में मोबाइल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है, खासकर 5जी तकनीक के रोलआउट के साथ। भारती एयरटेल में, स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने हमें नोकिया के साथ सहयोग करने के लिए प्रेरित किया है। इस साझेदारी से हमें ऐसे अभिनव समाधानों का लाभ उठाने का मौका मिलेगा जो पर्याप्त ऊर्जा बचत प्रदान करते हैं, जिससे हम अपने कार्बन पदचिह्न को महत्वपूर्ण रूप से कम करने और अपनी व्यावसायिक रणनीति के साथ अपने पर्यावरणीय उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सक्षम होंगे।"




नोकिया इंडिया के मोबाइल नेटवर्क के प्रमुख तरुण छाबड़ा ने कहा, "हम देश में संधारणीय नेटवर्क प्रथाओं को आगे बढ़ाने के लिए भारती एयरटेल के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। नोकिया ने 2040 तक वैश्विक स्तर पर शुद्ध शून्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तक पहुँचने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। हमारी अभिनव प्रौद्योगिकियाँ न केवल संचार नेटवर्क के समग्र प्रदर्शन को बढ़ाएँगी बल्कि उनकी ऊर्जा खपत को कम करने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेंगी, जो हमारे ग्राहकों के ऊर्जा दक्षता लक्ष्यों में योगदान देगा।"

■ एयरटेल ने यहां जारी बयान में कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना एआई/एमएल जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ-साथ उन्नत सॉफ्टवेयर सुविधाओं और अभिनव समाधानों के एक समूह का लाभ उठाकर उसके 4जी/5जी रेडियो एक्सेस नेटवर्क में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

# आकाश मिंडा ने नीलामी में ली 1.31 करोड़ में पहली थार रॉक्स

**मुंबई, एजेंसी।** एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड द्वारा पहली नयी पांच डोर वाली थार रॉक्स की नीलामी की गयी जिसे मिंडा कॉर्पोरेशन के लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक आकाश मिंडा ने 1.31 करोड़ की बोली लगा कर जीती है। महिंद्रा ने आज यहां जारी बयान में कहा कि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी ऑनलाइन नीलामी के विजेता श्री मिंडा को पहली थार रॉक्स, वीआईएन 001 मंगलवार को दिल्ली में सौंपी गयी। 15 से 16 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन आयोजित नीलामी में 20 सक्रिय बोलीदाताओं को पछाड़ते हुए श्री मिंडा ने 1.31 करोड़ की विजयी बोली लगाई गई। इस नीलामी के लिए 10,980 से अधिक पंजीकरण हुए थे। महिंद्रा एंड महिंद्रा इतनी ही राशि मिलाकर इसे नंदी फाउंडेशन को देगा। श्री मिंडा ने सात आकर्षक विकल्पों में से नेबुला ब्लू रंग चुना। महिंद्रा ऑटोमोटिव की सीएमओ मंजरी उपाध्याय द्वारा नई दिल्ली में डिलीवर की गई इस एसयूवी में महिंद्रा ग्रुप के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा द्वारा हस्ताक्षरित एक विशेष बैज और 001 नंबर की एक सजावटी ब्रांडिंग प्लेट है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव सेक्टर के सीईओ नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा "नीलामी के लिए 10,000 से अधिक पंजीकरणों के साथ हमने जो जबरदस्त रुचि देखी, वह थार रॉक्स के लिए लोगों के जुनून को दर्शाता है। हम नीलामी जीतने और पहली थार रॉक्स हासिल करने के लिए श्री मिंडा को हार्दिक बधाई देते हैं। हमें विशेष रूप से गर्व है कि इस नीलामी से प्राप्त आय एक सार्थक उद्देश्य का समर्थन करेगी। मिंडा ने कहा, "2020 में पहली थार हासिल करने के बाद, 2024 में पहली थार रॉक्स का मालिक बनना इस प्रतिष्ठित एसयूवी विरासत से मेरे जुड़ाव को और गहरा करता है। इस पल को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि यह एक मानवता से प्रेरित पहल है और इस आयोजन से होने वाली आय को सामाजिक कार्यों के लिए एक मान्यता प्राप्त गैर-लाभकारी संगठन को दान किया जाएगा। महिंद्रा की उल्लेखनीय यात्रा का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय एहसास है, जो थार के विकास में एक और मील का पत्थर है।"



■ महिंद्रा ने आज यहां जारी बयान में कहा कि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी ऑनलाइन नीलामी के विजेता श्री मिंडा को पहली थार रॉक्स, वीआईएन 001 मंगलवार को दिल्ली में सौंपी गयी। 15 से 16 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन आयोजित नीलामी में 20 सक्रिय बोलीदाताओं को पछाड़ते हुए श्री मिंडा ने 1.31 करोड़ की विजयी बोली लगाई गई।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)